भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1577**
9 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: खाद्य तेलों और तिलहनों का उत्पादन और मूल्य निर्धारण**

1577. **श्री संजय उत्तमराव देशमुख:**
**श्री बजरंग मनोहर सोनवणे:**
**श्री संजय हरिभाऊ जाधव:**

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या खाद्य तेलों, विशेषकर सोयाबीन तेल, की घरेलू कीमतों में पिछले तीन वर्षों के दौरान गिरावट आई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी तेल-वार/वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सोयाबीन किसानों की आय बढ़ाने और उक्त किसानों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा क्या सकारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार के पास पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में, विशेषकर महाराष्ट्र में तिलहन/ सोयाबीन के उत्पादन के संबंध में कोई आँकड़े हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) कच्चे/परिष्कृत पाम तेल, सोयाबीन, सूरजमुखी और अन्य बीज तेलों पर सीमा शुल्क का ब्यौरा क्या हैं;

(ङ) पिछले तीन वर्षों के दौरान तिलहन/तेलों के आयात और निर्यात का देश/ तिलहन/तेल/मूल्य-वार ब्यौरा क्या है तथा कच्चे/परिष्कृत खाद्य तेलों के लिए वर्तमान न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) क्या है;

(च) क्या सरकार ने खाद्य तेलों के न्यूनतम निर्यात मूल्य में संसोधन किया है यदि हाँ, तो विशेषकर महाराष्ट्र के किसानों पर इसके प्रभाव का ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या सरकार ने महाराष्ट्र और देश भर में सोयाबीन किसानों को हुए नुकसान का संज्ञान लिया है, यदि हां, तो प्रभावित किसानों की जिलावार संख्या कितनी है और उनके नुकसान का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
**(श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क): खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के चीनी एवं वनस्पति तेल निदेशालय से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान खाद्य तेलों की तेल-वार/वर्ष-वार कीमतें नीचे दी गई हैं:

| खुदरा मूल्य (रु./लीटर) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तेल | 2 दिसम्बर 2025 | 2 दिसम्बर 2024 | 2 दिसम्बर 2023 | 2 दिसम्बर 2022 |
| मूंगफली तेल | 171.13 | 177.37 | 176.22 | 172.18 |
| सरसों तेल | 169.6 | 153.97 | 125.67 | 155.28 |
| वनस्पति | 142.44 | 131.68 | 114.55 | 131.1 |
| सोयाबीन तेल | 133.53 | 130.52 | 111.88 | 140.91 |
| सूरजमुखी तेल | 149.91 | 138.55 | 112.69 | 152.8 |
| आरबीडी पामोलीन | 120.82 | 120.05 | 90.78 | 106.32 |
| थोक मूल्य (रु./लीटर) | | | | |
| मूंगफली तेल | 161.56 | 166.38 | 164.40 | 162.63 |
| सरसों तेल | 160.47 | 145 | 117.62 | 147.69 |
| वनस्पति | 131.61 | 122.71 | 103.31 | 120.17 |
| सोयाबीन तेल | 125.17 | 121.93 | 103.52 | 131.70 |
| सूरजमुखी तेल | 142.79 | 130.72 | 104.88 | 144.75 |
| आरबीडी पामोलीन | 113.42 | 113.7 | 84.10 | 97.99 |
| अंतरराष्ट्रीय मूल्य (USD/MT) | | | | |
| क्रूड सोयाबीन तेल (प्रति MT) | 1140 | 1050 | 1003 | 1238 |
| क्रूड सूरजमुखी तेल (प्रति MT) | 1250 | 1160 | 915 | 1260 |
| क्रूड पाम तेल (प्रति MT) | 1040 | 1275 | 865 | 960 |
| आरबीडी पामोलीन (प्रति MT) | 1010 | 1245 | 845 | 992 |

(ख) & (ग) : केंद्र सरकार ने 3 अक्टूबर, 2024 को राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन- तिलहन (एनएमईओ-ओएस) को तिलहन उत्पादन बढ़ाने और खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए मंजूरी दी है। मिशन के उद्देश्यों में सोयाबीन उत्पादन बढ़ाना तथा संग्रह एवं निष्कर्षण क्षमता में वृद्धि करना शामिल है। मिशन का क्रियान्वयन बाजार संपर्क के साथ क्लस्टर-आधारित दृष्टिकोण के आधार पर किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में एवं महाराष्ट्र में तिलहनों/सोयाबीन के उत्पादन का विवरण नीचे दिया गया है:

(मात्रा लाख क्विंटल में)

| वर्ष | महाराष्ट्र | | अखिल भारतीय | |
|---|---|---|---|---|
| | सोयाबीन | कुल तिलहन | सोयाबीन | कुल तिलहन |
| 2022-23 | 66.16 | 69.38 | 149.85 | 413.55 |
| 2023-24 | 52.58 | 55.94 | 130.62 | 396.69 |
| 2024-25 | 73.70 | 77.93 | 152.68 | 429.89 |

(घ): कच्चे/परिष्कृत पाम तेल, सोयाबीन, सूरजमुखी और अन्य बीज तेलों पर सीमा शुल्क का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| **खाद्य तेल** | **निर्यात शुल्क** | **आयात शुल्क** |
|---|---|---|
| पाम तेल – कच्चा | 0% | 16.50% |
| पाम तेल - परिष्कृत | 0% | 35.75% |
| सोया तेल - कच्चा | 0% | 16.50% |
| सोया तेल - परिष्कृत | 0% | 35.75% |
| सूरजमुखी तेल - कच्चा | 0% | 16.50% |

| | | |
|---|---|---|
| सूरजमुखी तेल - परिष्कृत | 0% | 35.75% |
| सरसों/ रैपसीड तेल - कच्चा | 0% | 38.50% |
| सरसों/ रैपसीड तेल - परिष्कृत | 0% | 49.50% |
| मूंगफली तेल - कच्चा | 0% | 38.50% |
| मूंगफली तेल - परिष्कृत | 0% | 49.50% |

(ङ) & (च): वाणिजयिक जानकारी एवं सांखयिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई&एस), कोलकाता, वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले तीन वर्षों मे प्रमुख तिलहनों/तेलों का देश/तिलहन/तेल/मूल्यवार आयात एवं निर्यात का विवरण अनुलग्नक-I में संलग्न है।

वर्तमान में न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) केवल सरसों/रेपसीड तेल के लिए लागू है, जो $ 900 प्रति मीट्रिक टन निर्धारित है इस शर्त के साथ कि सरसों तेल का निर्यात अधिकतम 5 किलोग्राम तक के ब्रांडेड उपभोक्ता पैक में ही किया जाएगा। यह प्रावधान 06.04.2018 को लगाया गया था और तब से इसमें कोई संशोधन नहीं किया गया है।

(छ): प्राकृतिक आपदा के कारण फसल हानि की स्थिति में राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारें, राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) के प्रावधानों के अनुसार राहत प्रदान करती हैं। इसके अतिरिक्त, दावों की गणना संबंधित राज्य सरकार द्वारा नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस पोर्टल (एनसीआईपी) पर अपलोड की गई वास्तविक उपज तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के परिचालन दिशानिर्देशों में निर्दिष्ट थ्रेशहोल्ड (सीमांत) उपज की तुलना के आधार पर की जाती है। अतः दावे मुख्य रूप से प्राकृतिक आपदाओं से उपज में हुई प्रतिशत हानि पर निर्भर होते हैं। हालाँकि, ओलावृष्टि, भूस्खलन, जलभराव, बादल फटना, प्राकृतिक आग जैसे स्थानीय जोखिमों से होने वाली हानियाँ तथा चक्रवात, चक्रवाती/असमय वर्षा और ओलावृष्टि से होने वाली फसल कटाई के बाद की हानियाँ बीमित व्यक्तिगत खेत स्तर पर आंकी जाती हैं। ऐसे मामलों में हानि की सीमा और दावा निर्धारण हेतु राज्य सरकार एवं संबंधित बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों से गठित एक संयुक्त समिति निर्धारित समय सीमा के भीतर पीएमएफबीवाई के परिचालन दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्यांकन करती है।

**अनुलग्नक-I**

पिछले तीन वर्षों के दौरान मुख्य तिलहनों/तेलों का देश/तिलहन/तेल/मूल्यवार आयात-निर्यात का विवरण:

(मूल्य रुपये करोड़ में)

1. सोयाबीन तेल:

| सोयाबीन तेल – कच्चा तेल – निर्यात | | | |
|---|---|---|---|
| गंतव्य देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| ओमान | 0.00 | 3.08 | 2.87 |
| संयुक्त अरब अमीरात (UAE) | 0.00 | 0.39 | 2.13 |
| नेपाल | 0.00 | 0.00 | 0.19 |
| अन्य | 0.55 | 0.85 | 0.03 |
| कुल मूल्य | 0.55 | 4.31 | 5.22 |
| सोयाबीन तेल – कच्चा तेल – आयात | | | |
| उद्गम देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| अर्जेन्टीना | 20414.65 | 11015.91 | 22240.50 |
| ब्राजील | 19245.14 | 8470.92 | 6539.72 |
| स्विट्ज़रलैंड | 1634.48 | 1604.79 | 2737.27 |
| अन्य | 5201.66 | 6138.15 | 7933.66 |
| कुल मूल्य | 46495.93 | 27229.77 | 39451.15 |
| सोयाबीन तेल - परिष्कृत तेल – निर्यात | | | |
| गंतव्य देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| भूटान | 127.87 | 100.98 | 132.05 |
| मलेशिया | 0.00 | 10.39 | 25.69 |
| संयुक्त अरब अमीरात (UAE) | 7.38 | 10.00 | 24.92 |
| अन्य | 98.25 | 42.43 | 26.17 |
| कुल मूल्य | 233.49 | 163.80 | 208.83 |
| सोयाबीन तेल - परिष्कृत तेल – आयात | | | |
| उद्गम देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| नेपाल | 750.94 | 56.47 | 3312.59 |
| बांग्लादेश | 0.84 | 0.00 | 15.89 |
| नॉर्वे | 0.00 | 0.00 | 0.27 |
| अन्य | 2.41 | 0.24 | 0.33 |
| कुल मूल्य | 754.19 | 56.71 | 3329.09 |

2. पाम तेल:

| पाम तेल – कच्चा तेल– निर्यात | | | |
|---|---|---|---|
| गंतव्य देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| मलेशिया | 0.00 | 16.44 | 0.00 |
| नाइजीरिया | 0.00 | 0.03 | 0.00 |
| कुल मूल्य | 0.00 | 16.47 | 0.00 |
| पाम तेल - कच्चा तेल- आयात | | | |
| उद्गम देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| इंडोनेशिया | 28334.11 | 23553.01 | 21017.87 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| मलेशिया | 24956.83 | 17850.30 | 20202.19 |
| थाईलैंड | 11195.36 | 4281.23 | 5670.01 |
| अन्य | 7126.24 | 5956.92 | 7070.80 |
| कुल मूल्य | 71612.54 | 51641.46 | 53960.87 |
| पाम तेल – परिष्कृत तेल - निर्यात | | | |
| गंतव्य देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| नेपाल | 12.84 | 6.84 | 12.67 |
| जर्मनी | 4.41 | 3.40 | 5.95 |
| भूटान | 4.42 | 3.73 | 5.21 |
| अन्य | 7.89 | 8.62 | 5.73 |
| कुल मूल्य | 29.56 | 22.59 | 29.56 |
| पाम तेल – परिष्कृत तेल – आयात | | | |
| उद्गम देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| इंडोनेशिया | 17107.86 | 13466.43 | 13478.73 |
| मलेशिया | 2701.07 | 1625.61 | 1895.23 |
| सिंगापूर | 331.47 | 774.48 | 605.06 |
| अन्य | 1343.57 | 638.14 | 258.07 |
| कुल मूल्य | 21483.98 | 16504.65 | 16237.09 |

3. सूरजमुखी तेल:

| सूरजमुखी तेल – कच्चा तेल – निर्यात | | | |
|---|---|---|---|
| गंतव्य देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| नेपाल | 0.00 | 0.00 | 0.99 |
| संयुक्त अरब अमीरात (UAE) | 0.06 | 0.10 | 0.31 |
| मलेशिया | 0.00 | 0.00 | 0.13 |
| अन्य | 0.46 | 0.64 | 0.18 |
| कुल मूल्य | 0.52 | 0.74 | 1.61 |
| सूरजमुखी तेल - कच्चा तेल – आयात | | | |
| उद्गम देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| रूस | 7201.39 | 9185.23 | 17593.43 |
| यूक्रेन | 4947.47 | 3752.87 | 7043.37 |
| अर्जेन्टीना | 5919.74 | 4841.19 | 2663.71 |
| अन्य | 7117.79 | 8539.52 | 3687.01 |
| कुल मूल्य | 25186.39 | 26318.81 | 30987.52 |
| सूरजमुखी तेल - परिष्कृत तेल – निर्यात | | | |
| गंतव्य देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| संयुक्त अरब अमीरात (UAE) | 8.97 | 96.66 | 138.69 |
| मलेशिया | 3.97 | 13.99 | 43.08 |
| श्रीलंका | 3.77 | 8.20 | 19.56 |
| अन्य | 89.94 | 74.91 | 105.62 |
| कुल मूल्य | 106.65 | 193.77 | 306.95 |
| सूरजमुखी तेल – परिष्कृत तेल – आयात | | | |
| उद्गम देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| नेपाल | 56.20 | 20.47 | 451.38 |
| स्पेन | 1.24 | 4.69 | 7.05 |
| यूक्रेन | 0.40 | 1.02 | 4.77 |
| अन्य | 5.99 | 5.33 | 5.34 |
| कुल मूल्य | 63.83 | 31.50 | 468.54 |

4. मूंगफली तेल:

| मूंगफली तेल - कच्चा तेल- निर्यात | | | |
|---|---|---|---|
| गंतव्य देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| चीन | 1870.76 | 1774.48 | 2961.66 |
| वियतनाम | 0.06 | 20.92 | 24.85 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) | 0.24 | 0.98 | 13.05 |
| अन्य | 1.65 | 2.68 | 15.28 |
| कुल मूल्य | 1872.71 | 1799.07 | 3014.84 |
| मूंगफली तेल - कच्चा तेल – आयात | | | |
| उद्गम देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| चीन | 0.00 | 3.73 | 0.00 |
| कुल मूल्य | 0.00 | 3.73 | 0.00 |
| मूंगफली तेल - परिष्कृत तेल - निर्यात | | | |
| गंतव्य देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) | 11.49 | 29.07 | 23.88 |
| वियतनाम | 6.49 | 11.54 | 17.10 |
| संयुक्त अरब अमीरात (UAE) | 4.26 | 8.78 | 5.96 |
| अन्य | 57.08 | 22.09 | 30.29 |
| कुल मूल्य | 79.32 | 71.48 | 77.22 |
| मूंगफली तेल - परिष्कृत तेल – आयात | | | |
| उद्गम देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| जर्मनी | 0.94 | 0.47 | 0.43 |
| कनाडा | 0.00 | 0.05 | 0.00 |
| कुल मूल्य | 0.94 | 0.52 | 0.43 |

5. कोल्जा/सरसों/अन्य रेपसीड तेल:

| कोल्जा/सरसों/अन्य रेपसीड - कच्चा तेल – निर्यात | | | |
|---|---|---|---|
| गंतव्य देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) | 27.56 | 25.68 | 37.77 |
| कनाडा | 14.11 | 27.36 | 33.93 |
| संयुक्त अरब अमीरात (UAE) | 18.00 | 24.03 | 21.04 |
| अन्य | 45.47 | 53.80 | 61.82 |
| कुल मूल्य | 105.13 | 130.88 | 154.55 |
| कोल्जा/सरसों/अन्य रेपसीड – कच्चा तेल – आयात (मूल्य रुपये करोड़ में) | | | |
| उद्गम देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| नेपाल | 0.00 | 0.00 | 18.98 |
| संयुक्त अरब अमीरात (UAE) | 0.07 | 0.00 | 6.60 |
| सिंगापूर | 0.12 | 0.00 | 0.13 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| अन्य | 0.30 | 0.28 | 0.01 |
| कुल मूल्य | 0.50 | 0.28 | 25.72 |
| कोल्जा/सरसों/अन्य रेपसीड - परिष्कृत तेल- निर्यात (मूल्य रुपये करोड़ में) | | | |
| गंतव्य देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) | 21.16 | 10.34 | 8.38 |
| कनाडा | 1.41 | 2.08 | 6.66 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3.23 | 3.87 | 5.44 |
| अन्य | 35.00 | 38.76 | 23.31 |
| कुल मूल्य | 60.79 | 55.05 | 43.79 |
| कोल्जा/सरसों/अन्य रेपसीड - परिष्कृत तेल – आयात (मूल्य रुपये करोड़ में) | | | |
| उद्गम देश | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| स्पेन | 0.00 | 0.00 | 0.50 |
| संयुक्त अरब अमीरात (UAE) | 0.00 | 0.44 | 0.20 |
| जर्मनी | 0.06 | 0.82 | 0.17 |
| अन्य | 0.04 | 0.00 | 0.05 |
| कुल मूल्य | 0.10 | 1.26 | 0.93 |

*****